तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही सब इनिशियल करें
17/02/17	वकील वादी उपस्थित। वादी के जरिये वकील उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मुकदमा में वादी द्वारा प्रतिवादीगण के विरुद्ध रकबा की कमी बेशी पूर्ति करने हेतु पेश किया गया है। प्रतिवादीगण में से कुछ प्रतिवादीगण के रकबाओं के अलावा अन्य काश्तकारान के रकबा में से भी प्रार्थी के रकबा निहित होने से प्रार्थी/वादी समस्त पक्षकारान के विरुद्ध दावा पेश करना चाहता है, अतः दावा को विड्रो कर नवीन दावा प्रस्तुत करने की अनुमति दी जावे। हमने वादी को सुना। पत्रावली का अवलोकन किया। वादी अपने दावा को विड्रो कर नवीन दावा लाना चाहता है। चूंकि दावा अभी तलबी स्टेज पर है। वादी अन्य काश्तकारान को भी पक्षकार बनाना चाहता है। अतः दावा वादी विड्रो किये जाने पर इसी Stage पर खारिज किया जाता है। वादी नवीन दावा प्रस्तुत करने को स्वतंत्र रहेगा। पत्रावली फाइल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल हो।

सहा० कलेक्टर
भरतपुर

1 W
कृष्ण कुमार एडवोकेट